आइआइएम में जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की लांचिंग

आज जरूरत है सही निर्णय लेकर भविष्य को आकार देने की : सुरेश

विशेष संवाददाता, रांची

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा कि आज जरूरत है सही निर्णय लेकर भविष्य को आकार देने की. अनिश्चितता और अशांति से निपटने के महत्व तथा युवा नेताओं को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की जरूरत बतायी. उन्होंने रोजगार सृजन, एसेट्स वैल्यू तथा उद्यमिता जैसे विषयों को आधुनिक शोध के दायरे में लाने की बात कही. श्री प्रभु ने शनिवार को आइआइएम रांची द्वारा प्रकाशित जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइआरजेएमएस) को लांच किया. इस अवसर पर आइपीएम इंडक्शन-2023 का भी समापन हुआ. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने आइपीएम के 2023-28 बैच में शामिल हो रहे विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें सामाजिक, संवेदनशीलता, जीवन कौशल और समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है. निदेशक ने कहा कि आइआरजेएमएस उस रिसर्च इको सिस्टम को दर्शाता है, जिसे आइआइएम रांची में बढ़ावा दिया जा रहा है.

आइआइएम के कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु शामिल हुए.

कार्यक्रम में पद्म भूषण प्रो जगदीश सेठ ने वीडियो संदेश के माध्यम से संस्थान को अपनी शुभकामनाएं भेजी तथा इसके काम और अनुसंधान प्रयासों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की सराहना की. साथ ही पत्रिका के संबंध में कई सुझाव दिये. प्रो आदित्य शंकर मिश्रा ने पहले डेढ वर्ष में आइआरजेएमएस की सफलता के बारे में बताया. प्रो प्रदीप कुमार बाला ने भी अपने विचार रखे. आइपीएम इंडक्शन के दौरान दो दिवसीय प्रबंधन मैराथन कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया किया.

Prabhat Khabar_20.08.2023_Pg. 5